विपक्ष नहीं चाहता, देश का अन्नदाता सर्व संपन्न बने : भागीरथ चौधरी

जयपुर। केंद्रीय मंत्रीभागीरथ चौधरी के भाजपा मुख्यालय में पहली बार पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा जबरदस्त स्वागत किया गया। इस दौरान केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष नहीं चाहता, देश का अन्नदाता सर्व संपन्न बने। जबकि पीएम मोदी किसानों

- **'देश में कोविड नहीं आता तो अब तक हो जाती किसानों की आय दोगनी'**
- **'10 साल में वो हुआ जो 70 साल में नहीं हुआ'**

को समृद्ध बनाने की दिशा में दिन-रात काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि कोविड नहीं आता तो देश के किसान की आय 2022 तक दोगुनी हो जाती। मोदी सरकार 2014 से किसानों की आय दोगुनी करने में जुटी है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विकसित भारत की कल्पना तभी सरकार हो सकती है, जब देश का किसान समृद्ध होगा और इस दिशा में मोदी सरकार काम कर रही है। चौधरी ने कहा कि मंत्रालय ने 100 दिन की कार्य योजना तैयार की है, जिसमें किसानों की छोटी- छोटी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पिछले 4 दिन से मंत्रालय के अधिकारियों के साथ बैठक की है। मोदी का स्पष्ट निर्देश है कि हर हाल में किसानों के हित में काम किया जाए। किसान सर्व संपन्न बने। देश का अन्नदाता संपन्न होगा तो देश संपन्न होगा।

केंद्रीय मंत्रीभागीरथ चौधरी के भाजपा मुख्यालय में पहली बार पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा जबरदस्त स्वागत किया गया।

चौधरी ने कहा कि जब तक देश का किसान खुशहाल नहीं बनेगा, तब तक विकसित भारत की कल्पना साकार नहीं हो सकती है। केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के किसान की पिछले 10 सालों में जितनी सुध ली गई है, वह पिछले 70 साल में नहीं ली गई। मोदी सरकार ने किसानों की आय दोगुनी करने की दिशा में कई निर्णय लिए, लेकिन विपक्ष नहीं चाहता कि देश का किसान सम्पन्न हो। किसानों के हित में मोदी सरकार तीन कानून लेकर आई थी, लेकिन विपक्ष ने उन कानूनों का विरोध किया। चौधरी ने कहा कि मोदी सरकार किसानों की भलाई के लिए हर दिन काम कर रही है, लेकिन विपक्ष किसानों को इस दबी-कुचली व्यवस्था में रखना चाहता है, ताकि किसान आगे नहीं बढ़ें। उन्होंने कहा कि किसानों को उपज का पूरा मूल्य देने के लिए पिछले 10 साल में समर्थन मूल्य पर भारी बढ़ोतरी की है, जबकि विपक्ष ने 70 साल में किसानों को उपज का पूरा मूल्य दिया होता तो आज देश का अन्नदाता सर्व संपन्न होता।

इस दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए चौधरी ने कहा कि देश के किसानों की आय दोगुनी करने की दिशा में मोदी सरकार लगातार काम कर रही है। 2014 से जब से मोदी ने प्रधानमंत्री की कुर्सी संभाली तब से वह किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2022 तक जो किसानों की आय दोगुनी होने का कहा गया था, वह निश्चित रूप से लक्ष्य पूरा होता, लेकिन दो से ढाई साल कोविड होने के कारण वह लक्ष्य पूरा नहीं हो पाया। अब जल्द किसान समृद्ध होंगे।

भाजपा सरकार के छह महीने की उपलब्धि जीरो : खाचरियावास

जयपुर, (का.प्र.)। पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने आज संवाददाताओं से वार्ता करते हुए कहा कि भाजपा की भजनलाल सरकार 6 माह में कोई भी नया काम नहीं कर पाई, सरकार की उपलब्धि जीरो रही। 6 महीने से भाजपा की भजनलाल सरकार उनके मंत्री हनीमून पीरियड मना रहे हैं जनता की सुनने वाला कोई नहीं है। रोजाना मुख्यमंत्री और मंत्रियों में होड़ लगी हुई है कि कांग्रेस की गहलोत सरकार को गालियां देने की। अस्पतालों में दवाई नहीं है,पुरानी सरकार का 25 लाख तक का मुफ्त इलाज बंद कर दिया गया है आज तक 450 रुपए का सिलेंडर नहीं मिल रहा है। 500 में कांग्रेस के समय में जो सिलेंडर मिल रहा था वही मिल रहा है।

सराफ ने किया सीसी सड़क का उद्घाटन

जयपुर। मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ ने वार्ड 134 अनीता कॉलोनी में सीसी सड़क का रिबिन काटकर लोकार्पण किया। अनीता कॉलोनी विकास समिति के अध्यक्ष विवेक सैकड़ा ने बताया की विधायक सराफ के प्रयास से नगर निगम ग्रेटर द्वारा 10 लाख रुपए की लागत से सीसी सड़क का नवीनीकरण कराया गया है जिसका आज लोकार्पण किया गया। विकास समिति के पदाधिकारियों ने सराफ का माला एवं साफा पहनाकर जोरदार स्वागत किया।

पुराने समय से घालमेल की राजनीति करते आए हैं हनुमान : ज्योति मिर्धा

'पहले भाजपा के सहयोग से जीतकर गहलोत के चरणों में जा पड़े हनुमान'

जयपुर। भाजपा मुख्यालय में लोकसभा चुनाव में हार के बाद समीक्षा बैठक में भाग लेने के बाद मीडिया से बात करते हुए नागौर से बीजेपी उम्मीदवार रहीं ज्योति मिर्धा ने सांसद हनुमान बेनीवाल पर निशाना साधते हुए कहा कि वो पुराने समय से घालमेल की राजनीति करते आए हैं। पहले बीजेपी के सहयोग से जीतकर गहलोत साहब के चरणों में जा पड़े। अभी भी कोशिश कर रहे हैं कि किसी तरह भाजपा में आकर घालमेल कर लें। उनको लगता है उनकी दुकान का शटर डाउन हो रहा है। घबराहट सी रहती है। मुझे पूरा विश्वास है कि भारतीय जनता पार्टी की तरफ से उनको न तो समर्थन मिलेगा और न भाव मिलेगा। ज्योति मिर्धा ने कहा कि आने वाले समय में भाजपा खींवसर सहित हर उपचुनाव में जीतेगी। मैं तो कहूंगी कि वो हर बार चैलेंज करते हैं कि मैं अकेला चुनाव लड़ता हूं, पार्टी बनाई। मैं भी कहती हूं, अकेले जाकर चुनाव लड़ो। घालमेल करके बैसाखियों के सहारे चुनाव लड़े हैं। हिम्मत है तो अकेले चुनाव लड़कर देखें। घालमेल करके दो पार्टी से मिलकर बैसाखियों के सहारे चुनाव लड़ने का काम न करें। खींवसर उपचुनाव में उम्मीदवारी के

- **'अब भाजपा की तरफ से उसको नहीं मिलेगा भाव'**
- **मिर्धा ने खींवसर सीट पर उपचुनाव में भाजपा की जीत का किया दावा**

सवाल पर उन्होंने कहा-पार्टी का जो आदेश होगा वह पूरा किया जाएगा। मजबूती से चुनाव लड़ेंगे और पक्की बात है कि इस बार खींवसर की सीट उपचुनाव में भाजपा जीतेगी।

मिर्धा ने कहा कि संविधान बदलने सहित कई गलत आरोप बेवजह हम पर चिपका दिए, इनसे नुकसान हुआ। संविधान बदलने के लिए 400 सीट देने के नारे से चुनावों में नुकसान होने के सवाल पर ज्योति मिर्धा ने कहा कि यह गलत प्रचार था और हमसे चिपक गया। दोनों कार्यकाल में अच्छा काम किया। यह स्टीकर चिपका दिया। लोगों ने बहुत अच्छे से साथ दिया। जीत के नजदीक पहुंचे थे, आपने देखा जिस तरह का माहौल था। विपक्ष ने कुछ अलग तरीके की बातें फैला दी थी। उनका नुकसान उठाना पड़ा। लोगों ने बहुत साथ दिया।

समीक्षा पर ज्योति मिर्धा ने कहा की कोई कमी रही है तो उसे बैठकर हम दूर करेंगे। आने वाले उपचुनाव में फायदा मिलेगा। गलतियां सुधारने की जरूरत है। ज्यादा मजबूती के साथ लड़ेंगे। उपचुनाव होंगे तो ज्यादा अच्छी तरीके से फोकस कर सकेंगे यह हमारी कोशिश रहेगी।

ज्योति मिर्धा ने कहा कि मोदी400 सीट अपने लिए नहीं मांग रहे थे, वे देश को एक सही दिशा में ले जाने के लिए 400 सीट की बात बोल रहे थे। मुझे खुशी है कि वह तीसरी बार लगातार प्रधानमंत्री बने, मुझे पूरा विश्वास है कि भारत नई उचाइयां छुएगा। इंद्रेश कुमार के बयान पर कहा कि आरएसएस ने खंडन कर दिया है आरएसएस के हमलावर होने के सवाल पर कहा- आज उसका खंडन भी आया है। उस पर विश्वास कर लीजिए। अगर कोई व्यक्ति किसी के बारे में बोलता है तो मैं कमेंट नहीं करूंगी। मैं ज्यादा उनसे परिचित नहीं हूं। आरएसएस ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। कहा है कि इस तरह की कोई बात नहीं है। हमें उसको भी संज्ञान में लेना चाहिए।

नेट थिएट पर तबला रास

जयपुर, (का.सं.)। नेट थिएट कार्यक्रमों की श्रंखला में आज युवा तबला कलाकार पीयूष कुमार राव ने तबले पर अपनी उंगलियों का ऐसा जादू चलाया की दर्शक वाह-वाह कर उठे।

नेट थिएट के राजेंद्र शर्मा राजू ने बताया की तबला नवाज पीयूष राव ने अपने कार्यक्रम की शुरुआत उठान, पेशकार, कायदा फर्रुखाबाद घराना, दिल्ली घराने का कायदा और बनारस घराने का चाला बजाकर लोगों की तालियां बटोरी। इसके बाद पीयूष ने अपने तबला वादन में मध्यलय में परण, फरमाइशी, टुकड़ा, रेला, तिहाई, चक्रधर तिहाई, कुछ लय बोलबत और लगी लड़ी तिरकिट बजाई और जयपुर घराने की कुछ गते परण पर उंगलियों का ऐसा जादू चलाया कि लोग मंत्रमुग्ध हो गए।

इनके साथ हारमोनियम पर युवा संगीतज्ञ भानु कुमार राव ने सुरीली संगत से कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ रंगकर्मी मनोज स्वामी ने किया। कार्यक्रम में प्रकाश व्यवस्था सागर गढ़वाल, कैमरा मनोज स्वामी, मंच सज्जा अंकित शर्मा नोनू एवं जीवितेश शर्मा की रही।

रहेजा डेवलपर्स पर एक लाख रुपए हर्जाना

जयपुर, (का.सं.)। जिला उपभोक्ता आयोग, जयपुर-प्रथम ने विक्रय अनुबंध की शर्तों की अवहेलना कर ग्राहक को अपार्टमेंट का कब्जा देरी से देने को सेवादोष मानते हुए विपक्षी मै.रहेजा डेवलपर्स और मै. रहेजा नवोदया अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन गुड़गांव, हरियाणा पर एक लाख रुपए का हर्जाना लगाया है। वहीं विपक्षी डेवलपर्स को निर्देश दिया है कि वे परिवादी को 1 दिसंबर, 2016 तक जमा कराई राशि पर अपार्टमेंट का कब्जा देने की तारीख 23 जनवरी 2021 तक की अवधि पर 6 फीसदी वार्षिक ब्याज का भुगतान करें। आयोग के अध्यक्ष डॉ. सूबेसिंह यादव व सदस्य नीलम शर्मा

- **ग्राहक को अपार्टमेंट का कब्जा देरी से देने का मामला**

ने यह आदेश आस्था गुप्ता व अन्य के परिवाद पर दिया।

परिवाद में कहा गया कि उन्होंने दिसंबर 2011 में विपक्षी की गुरूग्राम स्थित आवासीय योजना रहेजा संपदा टावर्स में एक अपार्टमेंट खरीदने के लिए संपर्क किया। वहीं बाद में 23 दिसंबर 2011 को उनके बीच एक अपार्टमेंट विक्रय का अनुबंध हो गया। विपक्षी को अपार्टमेंट का कब्जा 36 महीने में देना था। परिवादी ने अपार्टमेंट खरीदने के लिए बैंक से 25 लाख रुपए का लोन भी लिया। उसने दिसंबर 2016 तक अपार्टमेंट की पूरी राशि दे दी, लेकिन विपक्षी डेवलपर्स ने उसे जनवरी 2021 में कब्जा दिया। इसे परिवादी ने उपभोक्ता आयोग में चुनौती देते हुए अपार्टमेंट का कब्जा देरी से देने पर विपक्षी से हर्जाना व जमा राशि पर ब्याज दिलवाए जाने का आग्रह किया। उपभोक्ता आयोग ने माना कि विपक्षी ने अनुबंध की शर्तों की अवहेलना कर परिवादी को अपार्टमेंट का कब्जा देने में देरी की है। ऐसे में उस पर हर्जाना लगाना उचित होगा। वहीं आयोग ने जमा राशि पर देरी की अवधि का ब्याज भी देने का निर्देश दिया है।

पेपर लीक के आरोपियों को जमानत से इनकार

जयपुर, (का.सं.)। जयपुर मेट्रो-द्वितीय की सीएमएम कोर्ट ने एसआई भर्ती-2021 पेपर लीक मामले की आरोपी दो ट्रेनी एसआई प्रभा विश्नोई व अंकिता सहित वीक्षक राजू मैट्रिक्स व दिनेश की जमानत अर्जियों को खारिज कर दिया है। अदालत ने कहा कि पेपर लीक का मामला गंभीर है और ऐसे में आरोपियों को जमानत नहीं दे सकते।

आरोपियों की ओर से जमानत याचिका में कहा कि उन्हें मामले में अन्य आरोपियों के बयानों के आधार पर आरोपी बनाया है और उनका पेपर लीक मामले से कोई संबंध नहीं है। इसलिए उन्हें जमानत दी जाए। इसके विरोध में विशेष लोक अभियोजक सागर तिवाडी ने कहा कि आरोपी बीकानेर स्थित स्कूल से लीक हुए पेपर में शामिल रहे हैं। यह मामला गंभीर है और इसमें अनुसंधान जारी है। आरोपियों को जमानत देने से अनुसंधान प्रभावित होने की संभावना है। इसलिए उन्हें जमानत नहीं दी जाए। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने आरोपियों को जमानत देने से इनकार कर दिया है। इसी तरह एसीबी मामलों की विशेष अदालत ने राज्य सडक विकास एवं निर्माण निगम लिमिटेड में भ्रष्टाचार से जुड़े मामले में न्यायिक अभिरक्षा में चल रहे पूर्व एएओ महेश चन्द्र गुप्ता की जमानत अर्जी को खारिज कर दिया है। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि आरोपी पर गंभीर आरोप हैं और एसीबी की जांच लंबित है। ऐसे में उसे जमानत का लाभ नहीं दिया जा सकता।

हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा ईदुल अजहा का त्यौहार

जयपुर। ईदुल अजहा के मौके पर प्रदेश भर में कुर्बानी का सिलसिला सोमवार से शुरू होगा। इस कड़ी में शहर जयपुर में भी विभिन्न स्थानों पर 3 दिन तक कुर्बानी का सिलसिला चलेगा। लोग अपनी श्रद्धा अनुसार व्यक्तिगत एवं सामूहिक रूप से कुर्बानी के वाजिब अरकान में शामिल होंगे।

इस दौरान विभिन्न संगठनों की ओर से सामूहिक कुर्बानी का आयोजन किया जाएगा। वही लोग व्यक्तिगत रूप से भी कुर्बानी का सिलसिला 3 दिन तक जारी रखेंगे। इसी कड़ी में राजस्थान की सबसे बड़ी कुर्बानी पिछले 17 साल से मरकज़ आलमी तहरीक सुन्नी दावते इस्लामी व दारुल उलूम नूरी सुन्नी सेन्टर जयपुर के तत्वाधान में की जाएगी। हर साल की तरह इस साल भी इज्तेमाई कुर्बानी का आयोजन किया जाएगा।

इस्लामिक स्कॉलर मौलाना सैयद मोहम्मद कादरी ने समाज के लोगों से अपील करते हुए कहा कि ज़्यादा से ज़्यादा इस हिस्से वाली अर्थात सामूहिक कुर्बानी मे हिस्सा लेकर दीनी इदारो को मज़बूत बनाए और अपना वाजिब कम खर्च मे अदा करे।

शिक्षा एक महत्त्वपूर्ण सेवा : कृष्ण कुणाल

जयपुर, (का.सं.)। शासन सचिव स्कूल शिक्षा कृष्ण कुणाल ने कहा कि शिक्षा एक महत्त्वपूर्ण सेवा है तथा शिक्षक का समाज में सम्मानजनक स्थान है। कुणाल शनिवार को इंदिरा गांधी पंचायती राज संस्थान में आयोजित स्कूल शिक्षा विभाग की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।

शासन सचिव ने कहा कि विभागीय अधिकारी संवेदनशील रहकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि समन्वय कर ड्रॉप आऊट छात्रों को पुनः शिक्षा से जोड़े एवं प्रवेशोत्सव में कोई भी बालक विद्यालय में नामांकन से वंचित ना रहे। कम परीक्षा परिणाम वाले जिलों को अध्ययन में सुधार पर विशेष ध्यान देने, पुस्तकालयों का उपयोग सुनिश्चित करने, निर्धारित टाईम टेबल के अनुसार समय पर पाठ्यक्रम पूर्ण करने, दक्षता आधारित शिक्षा पर फोकस करने, स्मार्ट क्लास का अधिकतम उपयोग करने, छात्रवृति एवं निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का समय पर वितरण सुनिश्चित करने, साइकिल वितरण का कार्य सत्र के प्रारंभ में करने, मानसून के दौरान अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने तथा 29 जून



इंदिरा गांधी पंचायती राज संस्थान में शनिवार को आयोजित स्कूल शिक्षा विभाग की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारी सम्मिलित हुए।

को आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री रोजगार मेले के लिए सूचना भिजवाने के निर्देश दिये।

राज्य परियोजना निदेशक अविचल चतुर्वेदी ने समग्र शिक्षा अभियान के अन्तर्गत संचालित कार्यक्रम की मॉनिटरिंग करने, आंगनबाड़ी एवं बाल वाटिका के संचालन की निगरानी, मेंटोर टीचर की नियमित उपस्थिति, प्रभावी पर्यवेक्षण, गुणवत्ता पूर्ण सामग्री की पहुंच सुनिश्चित करने,राष्ट्रीय अविष्कार अभियान, ओ-लेब, आईसीटी लेब, स्मार्ट क्लास रूम, रोबोर्टिक्स लेब, अपणी लाडो, समावेशी शिक्षा, व्यवसायिक शिक्षा, आरईआई सहयोगी संस्थाओं की गतिविधियों एवं कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों की मॉनिटरिंग के निर्देश दिये।

आयुक्त मिड-डे मील विश्वमोहन शर्मा ने स्कूलों में न्यूट्रिशन गार्डन तैयार करने एवं फलदार वृक्ष लगाने, कृष्ण भोग योजना के अन्तर्गत सामूदायिक सहभागिता को प्रोत्साहित करने,अतिथि माता अवधारणा के अन्तर्गत महिला अभिभावकों को मुख्य अतिथि बनाकर भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

निदेशक माध्यमिक शिक्षा आशीष मोदी ने कहा कि देश में डिजिटल प्रवेशोत्सव की पहल करने में राजस्थान अग्रणी राज्य है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों का52बिन्दुओं पर आधारित स्वास्थ्य संबंधी सर्वेक्षण किया जायेगा।

निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा सीताराम जाट ने आरटीई में प्रवेश के संबंध में प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करने, निजी विद्यालयों द्वारा ली जाने वाली वास्तविक फीस तथा पोर्टल पर अपलोड फीस में अन्तर की जाँच करवाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि विद्यालय द्वारा अभिभावक शिक्षा समागम के गठन में सदस्यता के लिए अब अभिभावक ऑनलाइन आवेदन करेंगे एवं अभिभावक सदस्यता लॉटरी द्वारा निर्धारित की जायेगी। जिससे निजी विद्यालय मनमर्जी से अपने चहेते लोगों को सदस्य नही बना सकेंगे।

इस दौरान बैठक में डी.एल.एड परीक्षा के आयोजन, कार्मिकों की भर्ती, पदोन्नित, पेंशन प्रकरण, न्यायालयों में विचाराधीन प्रकरण, नकारा एवं अनुपयोगी सामान के निस्तारण, विद्यालय भवनों की मरम्मत आदि की भी समीक्षा कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिये गये।

विशिष्ट शासन सचिव चित्रा गुप्ता ने बैठक के समापन पर धन्यवाद ज्ञापित किया। बैठक में संभाग एवं जिलास्तरीय शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहें।

नम्बर मिलाइए
9587884433
सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी अभिभाष्य श्रीमती गीता देवी पत्नी रघुनाथ प्रसाद भुराड़िया निवासी प्लाट नम्बर बी-12, श्याम मित्र मण्डल नगर, रोड नम्बर 5 टी.के.आई. एरिया, मुरलीपुरा, जयपुर द्वारा आवासीय प्लाट नम्बर बी-94, योजना नम्बर 7, श्याम मित्र मंडल नगर, टी.के.आई. एरिया, मुरलीपुरा, जयपुर जिसका कुल क्षेत्रफल 253.33 वर्गगज को खरीद करने का मौखिक करार दिनांक 29.05.2024 को सम्पत्ति मालिक-मोहन लाल पुत्र नाथूराम से किया जाकर उक्त सम्पत्ति क्रय कर रही है। उक्त क्रय के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति/संस्था, बैंक, वित्तीय संस्थान, कम्पनी इत्यादि को आपत्ति, उज्र हो तो प्रकाशन की तिथी से 15 दिवस में व्यक्तिशरु/लिखित में सूचित करें अन्यथा किसी भी प्रकार के वाद विवाद के लिये मेरे अभिभाष्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
(मुकेश सैन) एडवोकेट, मो.नं. 93145-63517, 94211-77775

उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)
व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 4814/24
विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
प्रार्थी नाम श्रीमती सरला शर्मा पत्नि स्व. श्री अजय शर्मा जाति ब्राह्मण विवाद स्थान 3-ट-15, गीता कुटीर जवाहर नगर, जयपुर
मृतक स्व. श्री अजय शर्मा पुत्र स्व. श्री रामेन्द्र सिंह शर्मा की सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक- 08.08.2024
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम अजय शर्मा पुत्र स्व. श्री रामेन्द्र सिंह शर्मा जाति ब्राह्मण निवासी 3-ट-15, गीता कुटीर, जवाहर नगर जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें।
अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 08 माह 08 सन् 2024 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 29 माह 05 सन् 2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
प्रार्थीया के मृतक अजय शर्मा के नाम प्रा.पत्र में वर्णित शेयर्स बाबत उत्तराधिकार प्रमाण पत्र चाहा है।
मोहर अदालत
आज्ञा न्यायालय से
वरिष्ठ मुंसरिम
जिला एवं सैंशन न्यायालय
जयपुर महानगर-प्रथम

जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर विज्ञप्ति
क्रमांक : (जविप्रा/जोन-11/2024/डी-912 दिनांक : 05.06.2024
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री राजसिंह राठौड़ पुत्र श्री सवाई सिंह राठौड़ निवासी- फ्लैट नं. 103, प्लॉट नं. 95, ओपी आधार बिल्डिंग, शक्ति नगर, दादाबाड़ी, कोटा द्वारा पंजीकृत हकत्याग पत्र के आधार पर जविप्रा की आवासीय योजना रोहिणी नगर-प्रथम के भूखण्ड सं. 98 क्षेत्रफल 600 वर्गमीटर का नाम हस्तानान्तरण किये जाने हेतु ऑनलाईन आवेदन किया गया है। उक्त भूखण्ड का आवंटन पत्र दिनांक 28.02.2006 एवं कब्जा पत्र दिनांक 03.06.2006 को श्रीमती राजेश कंवर पत्नी श्री सवाई सिंह राठौड के पक्ष में जारी किये गये थे। आवेदक द्वारा अपलोड दस्तावेजों में आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय, कोटा द्वारा जारी मृत्यु प्रमाण पत्र दिनांक 12.09.2006 के अनुसार श्रीमती राजेश कंवर पत्नी श्री सवाई सिंह राठौड की मृत्यु दिनांक 26.08.2006 को हो चुकी है। मृत्यु के उपरान्त इनके वारिसान श्रीमती निर्मल सिंह, श्रीमती कमल राठौड पुत्रियान् स्व. श्रीमती राजेश कंवर पत्नी श्री सवाई सिंह राठौड ने पंजीकृत हकत्याग पत्र क्रमांक 2024031901070 16 दिनांक 06.05.2024 के द्वारा श्री राजसिंह राठौड पुत्र श्री सवाई सिंह राठौड के पक्ष में हकत्याग निष्पादित किया गया है। अब श्री राजसिंह राठौड पुत्र श्री सवाई सिंह राठौड द्वारा पंजीकृत हकत्याग पत्र के आधार उक्त भूखण्ड का नाम हस्तानान्तरण जारी किये जाने हेतु ऑनलाईन आवेदन किया गया है। अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवंटन पत्र एवं समिति द्वारा जारी पत्र के आधार पर उक्त भूखण्ड का नाम हस्तानान्तरण श्री राजसिंह राठौड पुत्र श्री सवाई सिंह के पक्ष में किये जाने पर किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि में अधोहस्ताक्षरकर्ता को जोन कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त अवधि पश्चात् प्रकरण में नियमानुसार कार्यवाही संपादित कर दी जावेगी। उक्त विज्ञप्ति आज दिनांक 05.06.2024 मेरे हस्ताक्षर से जारी की गई है। उपायुक्त जोन-11, जविप्रा, जयपुर

आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य मदनलाल वलाई पुत्र रामेश्वर जाति वलाई निवासी डोडवाडियों का वास, तहसील फुलेरा जिला जयपुर ग्रामीण राजस्थान की पुत्री रेणु कुमारी मेरे अभिभाष्य के कहे में नहीं है वह अपने परिजनों को बिना बताये अपना घर परिवार छोड कर बलजिन्दर सिंह पुत्र रेशम सिंह निवासी-60 फिट रोड रामनगर बस्ती, अलवर राजस्थान के साथ चली गई (भाग गई) एवं दिनांक 13.06.2022 को उसने अपने परिजनों की सहमती के बिना आर्य समाज मंदिर गोखला मार्केट, हजारी कोर्ट के पिछे, दिल्ली में विवाह कर लिया है। रेणु कुमारी के उक्त कृत्य व्यवहार एवं आचरण से न केवल मेरे अभिभाष्य व उसके परिजनों की मान मर्यादा व सम्मान को ठेस पहुची है वरन सामाजिक मूल्यों व संस्कारों का भी नैतिक पतन हुवा हैं। जिससे परिवार रिश्तेदारी समाज एवं क्षेत्र में मेरे अभिभाष्य व उसके परिवार की कॉफी बदनामी हुई व उन्हे शर्मसार होना पडा इसलिए मेरे अभिभाष्य ने रेणु कुमारी को अपने जीवन व अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है उसको मेरे अभिभाष्य के जीवनकाल व उसकी मृत्यु पश्चात ल अचल सम्पत्ति में किसी भी प्रकार के हक अधिकार सृजित नहीं होंगे। यदि कोई व्यक्ति रेणु कुमारी से किसी प्रकार का संव्यवहार करता है तो उसके लिए वह स्वयं उत्तरदायी होगा। सूचित रहे।
भागचन्द सोमरिया, एडवोकेट
ऑफिस एवं निवास-कृष्णा विहार कॉलोनी, पाँच बत्ती चौराहा के पास, फुलेरा
जिला जयपुर राजस्थान, मो.नं. 9928312891

खोया पाया
मेरे आवास संख्या 50/150 रजत पथ, मानसरोवर, जयपुर के मूल दस्तावेज आवंटन लेटर एवं सर्टिफिकेट ऑफ हेन्डिंग ओवर लेटर कहीं खो गया है जो कि आवासन मण्डल द्वारा किशन चन्द के नाम से जारी है कृपया मिलने पर सूचित करें-9983076970

दुकान नम्बर 11 राजामल का तालाब तालकटोरा जयपुर के मूल कागजात गिर गये हैं। मिलने पर सूचित करें। अब्दुल नईम खान-9829306540

हमारी सोसाइटी रतना बाल मंदिर संस्थान (429/89-90) के मूल संघ विधान पत्र झोटवाडा पुलिया से बाईपास के बीच में कही खो गया है। मिलने पर कृपया सूचित करें। 9314882707

नाम परिवर्तन
मैंने अपना नाम चंद्र कुमार (Chandar Kumar) से बदलकर चंद्र कुमार मेहरचंदानी (Chander Kumar Meharchandani) पुत्र श्री नारायण दास रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावें। निवासी 42-43 गुरू नानक कॉलोनी ब्रह्मपुरी रोड जयपुर।

मैंने अपना नाम केशव संजीव शाह से बदल कर केशव शाह कर लिया है। आज से मुझे इसी नाम से जाना जायेगा। केशव शाह पुत्र संजीव शाह निवासी एसबी-39, नंद मार्ग सुभाष नगर, जयपुर, राजस्थान-302016

I have changed my name from Rupade Shubhada Madhusudan Rao to Shubhada Rahul Kulkarni for all purpose R/o Paradise Regency Flat No. 202, C-69, Sarojini Marg. Near ICICI Bank C-Scheme Jaipur. (Raj.)

कार्यालय सचिव राज. मेडीकेयर रिलिफ सोसायटी, सामु. / प्राथ. स्वा. केन्द्र राबडका (तिजारा) खैरथल-तिजारा
क्रमांक: 2024/59 खुली निविदा सूचना दिनांक: 14.06.2024
सचिव राजस्थान मेडीकेयर रिलिफ सोसायटी प्राथ. स्वा. केन्द्र राबडका (तिजारा) खैरथल- तिजारा द्वारा निम्न सेवायें उपलब्ध करा ने हेतु अधिकृत संस्था से निम्नानुसार निविदा आमन्त्रित की जाती है।

क्र.सं.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाखों में)	बोली प्रपत्र प्राप्ति की अंतिम तिथि व समय	बोली प्रपत्र जमा कराने की अंतिम तिथि व समय	बोली प्रपत्र खोलने की तिथि व समय
1	2	3	6	7	8
1.	कंप्यूटर ऑपरेटर मैन विद मशीन (MNDY संविदा 1)	140000/-	20.06.2024 12.00 PM	20.06.2024 1.00 PM	20.06.2024 2.00 PM
2.	लेब टेकनिस्यन (संविदा) (MNJY)	140000/-	20.06.2024 12.00 PM	20.06.2024 1.00 PM	20.06.2024 2.00 PM
3.	सफाईकर्मी (1)	115000/-	20.06.2024 12.00 PM	20.06.2024 1.00 PM	20.06.2024 2.00 PM

नियम एवं शर्तें
1. निविदाऐं दोहरी बिड प्रणाली अनुसार प्रस्तुत करनी होगी। पहला लिफाफा (क) तकनीकी बिड का होगा जिसमें अमानत राशि का डीडी/बैंकर्स चेक समस्त वांछित डॉक्यूमेंट की प्रमाणित छाया प्रति मय निविदा फार्म लगाया जायेगा। डीडी/बैंकर्स चेक राजस्थान मेडिक्येर रिलीफ सोसाइटी, राबडका के नाम से व तिजारा शाखा पर देय होगा। दूसरा लिफाफा (ख) वित्तीय बिड का होगा जिसमें सिर्फ प्रस्तावित दरें ही दी जावेगी। तकनीकी बिड में सफल निविदादाताओं की ही वित्तीय बिड खोली जावेगी।
2. प्राप्त निविदाऐं दिनांक 20.06.2024 को दोपहर 1.00 तक जमा की जायेगी तथा 20.06.2024 को दोपहर 2.00 निविदा समिति के सदस्यों द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जावेगी।
3. तकनीकी विवरण एवं निविदा की शर्ते निविदा प्रपत्र के साथ उपलब्ध है। जो कार्यालय समय में निर्धारित शुल्क जमा करा प्राप्त की जा सकती है।
4. अधिक जानकारी http://sppp.rajasthan.gov.in वेबसाईट पर उपलब्ध है।
5. निविदा को स्वीकृत / अस्वीकृत करने के सम्बन्ध मे समस्त अधिकार कमेटी के पास रहेगा।

सचिव राज. मेडीकेयर रिलिफ सोसायटी
प्राथ. केन्द्र स्वा. राबडका तिजारा